collegebatch.com

**Series SSRR3/3** **SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **57/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **33** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# जीव विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# BIOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 70*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **17** से **21** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **22** से **28** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **29** तथा **30** केस-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन उप-प्रश्नों में से एक उप-प्रश्न में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख, ग तथा घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए अलग प्रश्न-पत्र है ।*

*(x)* *जहाँ कहीं आवश्यक हो, साफ सुथरे और उचित रूप से नामांकित चित्र बनाए जाने चाहिए ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **1** अंक के प्रश्न हैं ।* *16×1=16*

**1.** एक प्रारूपिक पुष्पी पादप में निषेचन के उपरांत बीजाण्ड का वह भाग जो बीज के संरक्षात्मक आवरण में विकसित होता है, वह है :

(A) भ्रूण-कोष  (B) बीजाण्डकाय

(C) अध्यावरण  (D) गुरुबीजाणु

**2.** एक डीएनए खण्ड में 2000 न्यूक्लिओटाइड्स हैं, जिनमें से 140 ऐडेनीन हैं । इस डीएनए खण्ड में कितने क्षारकों में तीन (ट्रिपल) हाइड्रोजन आबंध होंगे ?

(A) 280  (B) 860

(C) 1720  (D) 1860

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **33** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – Sections **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – questions number **1** to **16** are multiple choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – questions number **17** to **21** are very short answer type questions. Each question carries **2** marks.*

*(v)* ***Section C** – questions number **22** to **28** are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vi)* ***Section D** – questions number **29** and **30** are case-based questions. Each question carries **4** marks. Each question has subparts with internal choice in one of the subparts.*

*(vii)* ***Section E** – questions number **31** to **33** are long answer type questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and D of the question paper. A candidate has to write answer for only **one** of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *Kindly note that there is a separate question paper for Visually Impaired candidates.*

*(x)* *Wherever necessary, neat and properly labelled diagrams should be drawn.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **16** are Multiple Choice Type Questions, carrying **1** mark each.* *16×1=16*

**1.** The part of the ovule that develops into protective coats of a seed after fertilization in a typical flowering plant is :

(A) embryo sac (B) nucellus

(C) integuments (D megaspore

**2.** A DNA fragment has 2000 nucleotides, out of which 140 are Adenine. How many bases does this DNA segment possess that have triple hydrogen bonds between them ?

(A) 280 (B) 860

(C) 1720 (D) 1860

collegebatch.com

**3.** इंग्लैंड में 1850 के दशक के दौरान औद्योगीकरण युग शुरू होने से पूर्व प्राकृतिक वरण के अनुमानित प्रभाव के कारण गहरे पंख वाले शलभों की संख्या, श्वेत पंख वाले शलभों की अपेक्षा :

(A) अधिक थी
(B) कम थी
(C) दोनों की संख्या एकसमान थी
(D) दोनों की संख्या कम थी

**4.** निम्नलिखित पुष्पी पादपों में से किस पौधे में अंड कोशिका के निषेचन के बिना ही बीज में अनेक भ्रूण बन जाते हैं ?

(A) काली मिर्च
(B) सरसों
(C) मूँगफली
(D) निम्बु-वंश (सिट्रस)

**5.** स्नेपड्रेगन के गुलाबी पुष्पों वाले पौधे का स्नेपड्रेगन के श्वेत पुष्पों वाले पौधे के साथ संकरण कराया गया । संतति के फीनोटाइप का अनुमानित प्रतिशत है :

(A) 50% लाल : 50% श्वेत
(B) 25% लाल : 50% गुलाबी : 25% श्वेत
(C) 50% गुलाबी : 50% श्वेत
(D) 25% गुलाबी : 50% लाल : 25% श्वेत

**6.** किस गुणसूत्री (क्रोमोसोमी) विकार में व्यक्ति ऊँचे कद के साथ स्त्रैण लक्षण वाला होगा ?

(A) क्लाइनेफेल्टर सिंड्रोम
(B) डाउन सिंड्रोम
(C) टर्नर सिंड्रोम
(D) एडवर्ड्स सिंड्रोम

**7.** रासायनिक विकासवाद के समर्थन हेतु एस.एल. मिलर ने 1953 में एक बंद फ्लास्क में ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कीं जिसमें अंतर्विष्ट थे :

(A) $CH_3$, $O_2$, $NH_3$, $H_2O$ वाष्प 1800°C पर
(B) $CH_4$, $H_2$, $NH_3$, $H_2O$ वाष्प 800°C पर
(C) $CH_4$, $CO_2$, $H_2$, $H_2O$ वाष्प 1800°C पर
(D) $CH_4$, $NH_4$, $SO_2$, $H_2O$ वाष्प 800°C पर

collegebatch.com

**3.** During the 1850s in the pre-industrialisation era in England, the expected effect of natural selection on the number of dark-winged moths as compared to white-winged moths was :

(A) more in number (B) less in number

(C) both were equal in number (D) both were less in number

**4.** In which one of the following floral plants are many embryos formed in the seeds without fertilisation of the egg cell ?

(A) Black pepper (B) Mustard

(C) Groundnut (D) Citrus

**5.** A Snapdragon plant bearing pink colour flowers is crossed with a Snapdragon plant bearing white colour flowers. The expected phenotypic percentage of the offspring is :

(A) 50% Red : 50% White

(B) 25% Red : 50% Pink : 25% White

(C) 50% Pink : 50% White

(D) 25% Pink : 50% Red : 25% White

**6.** In which of the given chromosomal disorders does the individual have tall stature with feminised character ?

(A) Klinefelter's syndrome (B) Down's syndrome

(C) Turner's syndrome (D) Edwards' syndrome

**7.** S.L. Miller in 1953, to support the theory of chemical evolution, created conditions in the closed flask that included :

(A) $CH_3$, $O_2$, $NH_3$, $H_2O$ vapour at 1800°C

(B) $CH_4$, $H_2$, $NH_3$, $H_2O$ vapour at 800°C

(C) $CH_4$, $CO_2$, $H_2$, $H_2O$ vapour at 1800°C

(D) $CH_4$, $NH_4$, $SO_2$, $H_2O$ vapour at 800°C

**8.** एक प्रयोग में *ई. कोलाई* को $^{14}NH_4Cl$ युक्त संवर्धन माध्यम में विकसित किया ($^{14}N$ नाइट्रोजन का हल्का समस्थानिक है) । उसके पश्चात् इसे नाइट्रोजन के भारी समस्थानिक ($^{15}N$) युक्त संवर्धन माध्यम में 6 पीढ़ियों तक संवर्धित किया गया । 6 पीढ़ियों के बाद उनके डीएनए को निष्कर्षित किया गया तथा CsCl घनत्व प्रवणता पर अपकेन्द्रण द्वारा निष्कर्षित किया गया । CsCl घनत्व प्रवणता अपकेन्द्रण पर डीएनए के सही घनत्व (हल्का/संकरित/भारी) और पट्टियों के अनुपात की पहचान कीजिए ।

(A) संकरित : भारी, 1 : 16

(B) हल्का : भारी, 1 : 31

(C) संकरित : भारी, 1 : 31

(D) हल्का : भारी, 1 : 05

**9.** एक रोगी जिसको लगातार उच्च ताप (ज्वर) (39°C से 40°C), आमाशय (उदर) में पीड़ा, कब्ज़, सिरदर्द, भूख न लगना तथा कमजोरी के लक्षण परिलक्षित हो रहे हैं, वह किस रोग से पीड़ित है ?

(A) न्यूमोनिया

(B) मलेरिया

(C) टाइफॉइड

(D) अमीबता (अमीबिएसिस)

**10.** स्टैनले कोहेन तथा हरबर्ट बोयर ने प्रथम पुनर्योगज डीएनए निर्मित करने के लिए किस सहज प्लाज़्मिड का उपयोग किया था ?

(A) *साल्मोनेला टाइफीमूरियम*

(B) *स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनी*

(C) *एशरिकिआ कोलाई*

(D) *हीमोफिलस इंफ्लुएंज़ी*

collegebatch.com

**8.** In an experiment, *E. coli* is grown in a medium containing $^{14}NH_4Cl$. ($^{14}N$ is the light isotope of Nitrogen) followed by growing it for six generations in a medium having heavy isotope of nitrogen ($^{15}N$). After six generations, their DNA was extracted and subjected to CsCl density gradient centrifugation. Identify the correct density (Light/Hybrid/Heavy) and ratio of the bands of DNA in CsCl density gradient centrifugation.

(A) Hybrid : Heavy, 1 : 16

(B) Light : Heavy, 1 : 31

(C) Hybrid : Heavy, 1 : 31

(D) Light : Heavy, 1 : 05

**9.** Which disease is the patient suffering from who is showing symptoms such as sustained high fever (39°C to 40°C), stomach pain, constipation, headache, loss of appetite and weakness ?

(A) Pneumonia

(B) Malaria

(C) Typhoid

(D) Amoebiasis

**10.** Which native plasmid did Stanley Cohen and Herbert Boyer use for the construction of the first recombinant DNA ?

(A) *Salmonella typhimurium*


(B) *Streptococcus pneumoniae*


(C) *Escherichia coli*


(D) *Haemophilus influenzae*


collegebatch.com

**11.** PCR में डीएनए के प्रवर्धन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपक्रामकों के तापानुशीलन को सही प्रकार से निरूपित करता है ?


(A) 



(B) 



(C) 



(D) 


**12.** जब आवास में संसाधन सीमाकारी न (असीमित) हों, तो समष्टि की ज्यामितीय (ज्योमेट्रिकल) शैली में वृद्धि दर्शाने वाला समष्टि वृद्धि वक्र होगा :


(A) 



(B) 



(C) 



(D) 

11. Which one of the following represents the correct annealing of primers to the DNA to be amplified in the PCR ?


(A) 



(B) 



(C) 



(D) 


12. The population growth curve applicable for a population growing in a geometric fashion, when the resources are not limiting in the habitat will be :

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 

collegebatch.com

*प्रश्न संख्या **13** से **16** के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*

(A) अभिकथन (A) और कारण (R दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**13.** *अभिकथन (A) :* सुकेंद्रकियों में प्रारंभिक अनुलेख (प्रतिलिपि) से अव्यक्तेक को हटाने के लिए समबंधन (स्प्लाइसिंग) प्रक्रम से गुज़रना पड़ता है ।

*कारण (R) :* सुकेंद्रकियों में प्रारंभिक अनुलेख (प्रतिलिपि) में व्यक्तेक व अव्यक्तेक दोनों होते हैं तथा अव्यक्तेक अक्रिय होते हैं ।

**14.** *अभिकथन (A) :* किसी व्यक्ति द्वारा ऐल्कोहॉल के चिरकाली (बहुत अधिक समय तक) प्रयोग से यकृत को क्षति (सिरोसिस) पहुँचती है ।

*कारण (R) :* ऐल्कोहॉल की लत अक्सर इसके आदी व्यक्ति के पूरे परिवार के लिए मानसिक तथा आर्थिक कष्ट का कारण बन जाती है ।

**15.** *अभिकथन (A) :* अधिकतर आवृतबीजियों में युग्मनज हृदयाकार भ्रूण बनाता है, जो उसके पश्चात् प्राक्भ्रूण में विकसित हो जाता है ।

*कारण (R) :* युग्मनज बीजाण्डद्वार के निकट भ्रूण-कोष में स्थित होता है तथा एक भ्रूण में विकसित हो जाता है ।

**16.** *अभिकथन (A) :* विलोडक बायोरिऐक्टर में ऑक्सीजन उपलब्धता और उसके एकसमान मिश्रण में सहायता करता है ।

*कारण (R) :* विलोडित-हौज बायोरिऐक्टर का आधार आमतौर पर समतल होता है ।

collegebatch.com

*For Questions number **13** to **16**, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**13.** *Assertion (A) :* Primary transcripts in eukaryotes are subjected to splicing to remove the introns.

*Reason (R) :* Primary transcripts contain both exons and introns and the introns are non-functional in eukaryotes.

**14.** *Assertion (A) :* The chronic use of alcohol by a person leads to cirrhosis.

*Reason (R) :* Alcohol addiction at times becomes the cause of mental and financial distress to the entire family of the addicted person.

**15.** *Assertion (A) :* The zygote gives rise to heart-shaped embryo and subsequently proembryo in most angiosperms.

*Reason (R) :* The zygote is present at the micropylar end of the embryo sac and develops into an embryo.

**16.** *Assertion (A) :* The stirrer facilitates the even mixing of oxygen availability in a bioreactor.

*Reason (R) :* Stirred-tank bioreactors generally have a flat base.

collegebatch.com

## खण्ड ख

**17.** बढ़ती जनसंख्या दर को नियंत्रित करने के लिए मुँह द्वारा लिए जाने (खाए जाने) वाले गर्भ-निरोधक आमतौर पर स्वीकार्य (लोकप्रिय) हैं । मुँह द्वारा खाए जाने वाले गर्भ-निरोधकों के दो महत्त्वपूर्ण संघटकों के नाम लिखिए । 'सहेली' नामक गर्भ-निरोधक गोली स्त्रियों द्वारा अधिक पसन्द क्यों की जाती है ? *2*

**18.** वैक्सीन (टीका) क्या है ? जब इसे शरीर में प्रविष्ट कराया जाता है, तो यह किस आधार पर (प्रकार) कार्य करता है, लिखिए । *2*


**19.** m-RNA का एक काल्पनिक लघु खंड जो एक सक्रिय पॉलीपेप्टाइड शृंखला का कूट लेखन करता है, के दिए गए आँकड़े (डाटा) पर विचार कीजिए तथा आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

mRNA 5′ – UCAUUACCACGAUUCUUUAAAAGA – 3′

(क) यदि 5वें (पाँचवें) प्रकूट (कोडॉन) में 'U' के स्थान पर 'C' प्रतिस्थापित हो जाए, तो दिए गए प्रकूटों (कोडॉनों) से कितने ऐमीनो अम्ल बनेंगे ? अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त mRNA के समान mRNA में जहाँ चौथे प्रकूट (कोडॉन) में यदि 'C' के स्थान पर 'U' हो, तो संश्लेषित होने वाले पॉलीपेप्टाइड में ऐमीनो अम्लों की संख्या लिखिए । अपने उत्तर की न्यायसंगतता सिद्ध कीजिए । *2*

**20.** विभिन्न लंबाई वाले डीएनए खंडों के मिश्रण से वैद्युत कण संचलन (इलेक्ट्रोफोरेटिक) पृथक्करण के लिए संयोजनों A, B तथा C का अध्ययन करके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



## SECTION B

**17.** Oral contraceptives are widely accepted for controlling the increasing rate of population. Name the two important components of oral contraceptives. Why is 'Saheli' considered a preferred contraceptive by women ? *2*

**18.** What is a vaccine ? Write the basis on which it acts when administered in the body. *2*


**19.** Consider the given data of a hypothetical small portion of mRNA that codes for a functional polypeptide chain and answer the questions that follow :

mRNA 5′ – UCAUUACCACGAUUCUUUAAAAGA – 3′

(a) How many amino acids will be formed from the given codons, if substitution of 'U' by 'C' takes place at the 5$^{th}$ codon ? Explain your answer.

(b) Write the number of amino acids that would be in the polypeptide synthesised by a similar mRNA as above, where in the fourth codon instead of 'C' there is 'U'. Justify your answer. *2*

**20.** With reference to the set-ups (A, B and C) given below, of the electrophoretic separation of a mixture of DNA fragments of varied lengths, answer the questions that follow :



collegebatch.com

(क) दो संयोजनों A तथा B में से किसमें आप डीएनए खंडों को पृथक हुआ देखेंगे तथा क्यों ? अपने उत्तर की न्यायसंगतता सिद्ध कीजिए ।

(ख) संयोजन-C में I तथा II में से कौन-सी पट्टी लंबे डीएनए खंडों वाली है । अपने उत्तर की न्यायसंगतता सिद्ध कीजिए । *2*

**21.** (क) एक स्थलीय पारितंत्र में अपघटन चक्र के दौरान बनने वाले 'ह्यूमस' के महत्त्वपूर्ण अभिलक्षण लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) (i) लॉग-लॉग पैमाने पर चमगादड़ तथा मछलियों के लिए जाति समृद्धि तथा क्षेत्र के बीच संबंध का ग्राफीय निरूपण कीजिए ।

(ii) एक लघुगणक पैमाने पर इस संबंध का समीकरण लिखिए । *2*

## खण्ड ग

**22.** एक पुष्प के स्त्रीकेसर की लम्बवत् काट में परागनलिका की वृद्धि दर्शाते हुए आरेख बनाइए तथा निम्नलिखित को नामांकित कीजिए : *3*

(क) वह भाग जिससे होकर पराग नलिका नीचे की ओर जाती है ।

(ख) कोशिका जिसमें पराग नलिका अपने अंतर्विष्ट स्खलित (निर्मुक्त) करती है ।

**23.** सहायक जनन प्रौद्योगिकियों की आई यू आई (IUI) तथा आई यू टी (IUT) विधियों की व्याख्या कीजिए । *3*

collegebatch.com

(a) In which one of the two Set-ups, A or B, would you see the DNA fragments separated and why ? Justify your answer.

(b) In Set-up C, which one of the two, I / II, are the bands of longer fragments of DNA ? Justify your answer. *2*

**21.** (a) Write important features of 'humus' formed during the decomposition cycle in a terrestrial ecosystem. *2*

**OR**

(b) (i) Graphically represent the relationship between species richness and area on a log-log scale for bats and fishes.

(ii) Write the equation for the relationship as on a logarithmic scale. *2*

## SECTION C

**22.** Draw a longitudinal section of pistil of a flower showing growth of the pollen tube. Label the part : *3*

(a) through which the pollen tube moves down.

(b) the cell wherein the pollen tube releases its contents.

**23.** Explain the IUI and IUT methods of assisted reproductive technologies. *3*

collegebatch.com

**24.** मटर के पौधों के पुष्प रंग (वर्ण) बैंगनी/सफेद (V/v) तथा पुष्प की स्थिति अक्षीय/अंत्य (A/a) वाले पौधों के बीच तीन क्रॉस (संकरण) कराए गए । नीचे दी गई तालिका में 'a', 'b' तथा 'c' क्रॉस में जनक के दृश्यप्ररूप (फीनोटाइप) तथा $F_1$ संतति के फीनोटाइप का अध्ययन कीजिए ।

| *जनक पौधे (फीनोटाइप)* | *$F_1$ पीढ़ी (फीनोटाइप)* |
|---|---|
| (a) बैंगनी, अक्षीय × सफेद, अक्षीय | 6/16 सफेद, अक्षीय<br>2/16 सफेद, अंत्य<br>6/16 बैंगनी, अक्षीय<br>2/16 बैंगनी, अक्षीय |
| (b) बैंगनी, अक्षीय × सफेद, अंत्य | 1/4 बैंगनी, अक्षीय<br>1/4 बैंगनी, अंत्य<br>1/4 सफेद, अक्षीय<br>1/4 सफेद, अंत्य |
| (c) बैंगनी, अक्षीय × बैंगनी, अक्षीय | 3/4 बैंगनी, अक्षीय<br>1/4 सफेद, अक्षीय |

क्रॉस 'a', 'b' तथा 'c' के प्रत्येक क्रॉस में प्रत्येक जनक के जीनोटाइप का आकलन कीजिए (पता लगाइए) । *3*

collegebatch.com




**24.** Three crosses were carried out in pea plants with respect to flower colour violet/white (V/v) and flower position axial/terminal (A/a). Study in the table the crosses 'a', 'b' and 'c' where parental phenotypes and their $F_1$ progeny phenotypes are given.

| *Parental plants (Phenotypes)* | *$F_1$ Progeny (Phenotypes)* |
|---|---|
| (a) Violet, axial × white, axial | 6/16 white, axial<br>2/16 white, terminal<br>6/16 violet, axial<br>2/16 violet, axial |
| (b) Violet, axial × white, terminal | 1/4 violet, axial<br>1/4 violet, terminal<br>1/4 white, axial<br>1/4 white, terminal |
| (c) Violet, axial × violet, axial | 3/4 violet, axial<br>1/4 white, axial |

Find the genotypes of each of the parental pairs of crosses 'a', 'b' and 'c'. *3*

collegebatch.com

**25.** एक भूरे रेत (मृदा) वाले मरुस्थल में रहने वाले साँपों की समष्टि में होने वाले परिवर्तन को दो समयावधियों 'एक' तथा 'दो' को निम्न चित्र द्वारा दर्शाया गया है । इनका अध्ययन कीजिए तथा उसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । भूरे सर्प तथा धूसर सर्प एलीलों A/a (प्रभावी/अप्रभावी) द्वारा निरूपित किए गए हैं ।

| समष्टि-एक | समष्टि-दो (पक्षियों का प्रवासन)  |
|---|---|
|  |  |

(क) यदि समष्टि-एक में अप्रभावी विशेषक की आवृत्ति 9% है, तो समयुग्मजी प्रभावी तथा विषमयुग्मजी प्रभावी साँपों (सर्पों) की आवृत्ति का परिकलन कीजिए ।

(ख) विकास की उस क्रियाविधि का नाम लिखिए जिसके फलस्वरूप समष्टि-एक से समष्टि-दो का विकास हुआ । 3

**26.** (क) (i) बायोगैस संयंत्र में घरेलू वाहित मल की अपेक्षा गोबर का उपयोग करने के दो प्रमुख कारणों की सूची बनाइए ।

(ii) बायोगैस संयंत्र में बची हुई कर्दम (स्लरी) के किसी एक उपयोग का उल्लेख कीजिए । 3

**अथवा**

(ख) चिकित्सकों द्वारा सामान्यत: निम्नलिखित रोगियों के उपचार में उपयोग किए जाने वाले जैवसक्रिय अणु तथा उनके सूक्ष्मजीवीय स्रोत का नाम लिखिए : 3




(i) मायोकार्डियल इंफार्क्शन

(ii) रुधिर कोलेस्टेरॉल का उच्च स्तर

(iii) अंग प्रतिरोपण

collegebatch.com

**25.** A population of snakes lived in a desert with brown sand. Study the drawings given below showing the change in the population from 'one' to 'two' over time and answer the question that follows. Brown snakes and Grey snakes are represented by alleles A/a (Dominant/recessive).

| Population-one | Population-two (Migration of Birds)  |
|---|---|
|  |  |

(a) If the frequency of the recessive trait is 9% in population-one, work out the frequency of homozygous dominant and heterozygous dominant snakes.

(b) Name the mechanism of evolution that must have operated so that population-two evolved from population-one. *3*

**26.** (a) (i) List two major reasons for using cow-dung in a biogas plant instead of using domestic sewage.

(ii) Mention one use of the unspent slurry of the biogas plant. *3*

**OR**

(b) Name the bioactive molecule and its microbial source generally used by physicians to treat the patients for : *3*

(i) Myocardial infarction

(ii) High blood cholesterol level

(iii) Organ transplantation

collegebatch.com

**27.** (क) उस जीवाणु का वैज्ञानिक नाम लिखिए जिसका उपयोग गोलक शलभ कृमि रोधी जीएम (GM) कपास फसल के पौधे तैयार करने में जैव-प्रौद्योगिकी में बड़े स्तर पर किया जाता है ।

(ख) जीएम (GM) कपास फसल कीटों के आक्रमण का प्रतिरोध करने में किस प्रकार समर्थ होती है, व्याख्या कीजिए । *3*

**28.** वर्णन कीजिए कि किस प्रकार अंजीर के वृक्ष तथा बर्र के बीच पारस्परिक संबंध सहोपकारिता का शानदार उदाहरण है । *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **29** तथा **30** केस-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **3** उप-प्रश्न हैं जिसके एक उप-प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है ।*

**29.** निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

पुनर्योगज डीएनए प्रौद्योगिकी में प्रतिबंधन एंज़ाइमों का उपयोग किया जाता है, क्योंकि वे डीएनए में विशिष्ट अनुक्रम को पहचान कर उस बिंदु पर काटते हैं । BamH I इसी प्रकार का एक प्रतिबंधन एंज़ाइम है, जो 5′ G-G-A-T-C-C 3′ के पहचान अनुक्रम से बंध कर प्रत्येक रज्जुक को G तथा G के बीच काटता है । जबकि Alu I पहचान अनुक्रम 5′ A-G-C-T 3′ से बंध कर इन अनुक्रमों के प्रत्येक रज्जुक को G तथा C के बीच से काटता है ।

(क) यदि दिए गए डीएनए रज्जुक को काटने के लिए Alu I का उपयोग किया जाए, तो डीएनए के कितने खंड बनेंगे ? बनने वाले प्रत्येक खंड का अनुक्रम उसकी ध्रुवणता के साथ लिखिए । *1*

5′ C – C – G – T – A – G – C – T – A – T – C – A – G – C – T – G – G 3′
| | | | | | | | | | | | | | | | |
3′ G – G – C – A – T – C – G – A – T – A – G – T – C – G – A – C – C 5′

(ख) दिए गए उसी डीएनए रज्जुक पर पुनर्योगज डीएनए अणु बनाने के लिए BamH I अथवा Alu I प्रतिबंधन एंज़ाइमों में से किसको अधिमानता (प्राथमिकता) दी जाएगी और क्यों ? *1*

(ग) द्विकुण्डली डीएनए के दो रज्जुकों से बंधन के पश्चात् डीएनए के दो रज्जुकों को काटने के लिए किस विशिष्ट स्थल (बिंदु) पर प्रतिबंधन एंज़ाइम कार्य करेगा ? प्रतिबंधन एण्डोन्यूक्लिएज़ द्वारा डीएनए में पहचाने जाने वाले विशिष्ट न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम का पारिभाषिक पद/वैज्ञानिक नाम लिखिए । *2*

**अथवा**

(ग) प्रतिबंधन एण्डोन्यूक्लिएज़ EcoRI द्वारा डीएनए पर पहचाने जाने वाले विशिष्ट पहचान अनुक्रम को लिखिए । *2*

collegebatch.com

**27.** (a) Give the scientific name of the bacteria widely used in biotechnology to create a GM cotton crop resistant to bollworm attacks.

(b) Explain how GM cotton crop is able to resist insect attacks. *3*

**28.** Describe how fig tree and wasp relationship is a spectacular example of mutualism. *3*

## SECTION D

*Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are case-based questions. Each question has* ***3*** *sub-questions with internal choice in one sub-question.*

**29.** Read the passage given below and answer the questions that follow.

In recombinant DNA technology, restriction enzymes are used as they recognize and cut DNA within a specific recognition sequence. BamH I is one such restriction enzyme which binds at the recognition sequence 5′ G-G-A-T-C-C 3′ and cleaves this sequence between G and G on each strand, whereas Alu I binds at the recognition sequence 5′ A-G-C-T 3′ and cleaves these sequences between G and C on each strand.

(a) If Alu I is used to cut the given DNA strand, how many DNA fragments would be formed ? Write the sequence of each fragment formed with its polarity. *1*

5′ C – C – G – T – A – G – C – T – A – T – C – A – G – C – T – G – G 3′
    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |    |
3′ G – G – C – A – T – C – G – A – T – A – G – T – C – G – A – C – C 5′


(b) Which one of the two restriction enzymes BamH I or Alu I will preferably be used on the same given DNA strand to make a recombinant DNA molecule and why ? *1*


(c) After binding to the two strands of the double helix DNA, where specifically does the restriction enzyme act to cut the two strands of DNA ? Write the specific term used for the specific nucleotide sequences of DNA recognised by a restriction endonuclease. *2*

**OR**

(c) Write the specific sequence of DNA segment recognised by the restriction endonuclease EcoRI. *2*


**30.** नीचे दिए गए आरेखों में स्वीडन तथा रवांडा की मानव समष्टि (जनसंख्या) के तुलनात्मक आयु वितरण को दर्शाया गया है (अंतर्राष्ट्रीय डाटा बेस 2003) । इसका अध्ययन करके संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




collegebatch.com

**30.** Study the figures given below that depict the comparative age distribution of human populations in Sweden and Rwanda. (International Data Base 2003) and answer the questions that follow :



(क) रवांडा के वृहद् आधार वाले आयु पिरैमिड से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ? चित्र में दिए गए आँकड़ों की सहायता से अपने उत्तर का समर्थन (पुष्टि) कीजिए । *2*

(ख) स्वीडन की जनसंख्या का आयु वितरण आधार से शीर्ष तक लगभग एक जैसा चौड़ा है । यह क्या इंगित करता है ? *1*

(ग) ऊपर दिए गए स्वीडन के जनसंख्या आयु पिरैमिड के प्रकार का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(ग) उपर्युक्त दर्शाए गए रवांडा के आयु पिरैमिड का प्रकार लिखिए । *1*

## खण्ड ङ

**31.** (क) (i) परपरागण को प्रोत्साहित करने हेतु पुष्पी पौधों द्वारा विकसित किन्हीं चार युक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

(ii) पौधे स्वपरागण को हतोत्साहित क्यों करते हैं ? कोई एक कारण लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) एक सामान्य मानव स्त्री के आर्तव चक्र की अंडाशयी तथा गर्भाशयी प्रावस्थाओं की व्याख्या पीयूष तथा अंडाशयी हॉर्मोनों की भूमिका के साथ निम्नलिखित प्रावस्थाओं के अंतर्गत कीजिए : *5*

(i) पुटकीय प्रावस्था/प्रचुरोद्भव प्रावस्था

(ii) स्रावी प्रावस्था

(iii) आर्तव प्रावस्था

**32.** (क) "विषमयुग्मजी अवस्था में दोनों एलीलों के प्रभाव की स्पष्ट अभिव्यक्ति सहप्रभाविता (कोडोमिनेंस) में परिलक्षित होती है ।" मानव रुधिर वर्ग ABO की वंशागति की सहायता से कथन की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) "*लैक* प्रचालेक (*लैक*-ओपेरॉन) में जीनों के एक समूह का नियमन तथा अभिव्यक्ति एक साथ एक इकाई के रूप में होता है ।"

(i) *लैक* ओपेरॉन में संरचनात्मक जीनों की सक्रियता के 'आरंभन (स्विचिंग ऑन)' की कार्यविधि (प्रणाली) की व्याख्या कीजिए ।

(ii) "'*लैक* प्रचालेक' के नियमन को ऋणात्मक नियमन कहा जाता है ।" कारण का उल्लेख करते हुए कथन की न्यायसंगतता (औचित्य) सिद्ध कीजिए । *5*

collegebatch.com

(a) What can be inferred from the very broad base of Rwanda's age pyramid ? Support your answer with the data provided in the figure. *2*

(b) Sweden has an age distribution that is approximately of the same width near its base as at the apex. What does this indicate ? *1*

(c) Name the type of age pyramid shown above for Sweden. *1*

**OR**

(c) Name the type of age pyramid shown above for Rwanda. *1*

## SECTION E

**31.** (a) (i) Explain any four devices that flowering plants have developed to encourage cross-pollination.

(ii) Why do plants discourage self-pollination ? State any one reason. *5*

**OR**

(b) Explain the ovarian and uterine events taking place along with the role of pituitary and ovarian hormones, during menstrual cycle in a normal human female under the following phases : *5*

(i) Follicular phase/proliferative phase

(ii) Luteal phase/secretory phase

(iii) Menstrual phase

**32.** (a) "The influence of both the alleles in a heterozygous state is clearly expressed in codominance." Explain with the help of inheritance of ABO blood group in humans. *5*

**OR**

(b) "A group of genes are regulated and expressed together as a unit in *lac* operon."

(i) Explain the mechanism of switching 'on' of the structural genes of *lac* operon.

(ii) "Regulation of '*lac* operon' is referred to be negatively regulated." Justify giving a reason. *5*

collegebatch.com

**33.** (क) (i) *प्लाज़्मोडियम* के मानव शरीर में प्रविष्ट होने के बाद से संक्रमित व्यक्ति को मादा *ऐनोफेलीज़* मच्छर द्वारा काटे जाने तक की अवधि में *प्लाज़्मोडियम* के जीवन चक्र का वर्णन कीजिए ।

(ii) *प्लाज़्मोडियम* के जीवन चक्र में मादा *ऐनोफेलीज़* के शरीर में सम्पन्न होने वाली दो परिघटनाओं का उल्लेख कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) (i) सुदम अर्बुद तथा दुर्दम अर्बुद के बीच दो अंतर लिखिए ।

(ii) कैंसर के अभिज्ञान हेतु किन्हीं तीन निदानात्मक तकनीकों की व्याख्या कीजिए । *5*

collegebatch.com

**33.** (a) (i) Describe the life cycle of *Plasmodium* from the time it enters the human body till a female *Anopheles* mosquito bites an infected person.

(ii) Mention the two events of *Plasmodium* life cycle that occur within the female *Anopheles* body. *5*

**OR**

(b) (i) Write two differences between malignant tumor and benign tumor.

(ii) Explain any three diagnostic techniques for the detection of cancer. *5*